**विधान परिषद तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूँछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-9 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 9(क) | क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर में धौरहरा खमरिया, भदफर होते हुए लहरपुर, सीतापुर, लखनऊ मार्ग पर 03 वर्ष पूर्व परिवहन बस सेवा संचालित थी, किन्तु किन्ही कारणों से इस मार्ग की बस सेवा बन्द कर दी गई है, जिस कारण क्षेत्रीय जनता प्राइवेट बसों के सहारे यात्रा कर रही है, जिससे उन्हें अत्यन्त कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है? | जी नहीं।<br>सीतापुर-लहरपुर-भदफर-धौरहरा-लखनऊ मार्ग के मार्गांश (सीतापुर-लहरपुर-भदफर-ऐरा) पर जुलाई, 2018 से जनवरी 2019 तक वाहन संचालित थी, किन्तु इस मार्ग की सेवा के प्रतिफल व्यावसायिक दृष्टि से निगम हित में संतोषजनक प्राप्त न होने के कारण वाहन का संचालन बन्द करना पड़ा। |
| (ख) | यदि हॉ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु उपरोक्त मार्ग पर परिवहन बस सेवा पुन: संचालित करायेंगे? | वर्तमान में प्रश्नगत मार्ग पर सीतापुर डिपो की 02 बसें संचालित है। |
| (ग) | यदि हॉ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों ? | उपरोक्तानुसार। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग।